



# बिगड़ते हालात, अब रात में भी टैंकरों से पहुंचाया जा रहा पानी

**खास बातें**

- कई जगह पर हैडपम्पों ने दे दिया जवाब
- शहर के पटरी पार इलाके में स्थिति है ज्यादा खराब
- आने वाले दिनों में और भी ज्यादा गहराएगा जल संकट



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 17 मई, भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के कारण शहर में पेयजल की मांग तेजी से बढ़ती जा रही है . गर्म हवाओं और तेज धूप के बीच जल संकट की स्थिति को देखते हुए विदिशा नगर पालिका ने जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है. नगर पालिका द्वारा शहर के विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े.**

नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार शहर के चिन्हित वार्डों और कॉलोनियों में प्रतिदिन लगभग 70 से 80 पानी के टैंकरों के माध्यम से जल वितरण किया जा रहा है . जहां पाइपलाइन से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पा रहा है या जलापूर्ति बाधित हो रही है, वहां टैंकरों के जरिए पानी पहुंचाकर व्यवस्था संभाली जा रही है . इसके लिए नगर पालिका के कर्मचारी और जल विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं .गर्मी के कारण कई क्षेत्रों में पानी की खपत सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक बढ़ गई है . ऐसे में नगर पालिका ने अतिरिक्त टैंकरों की व्यवस्था कर जलापूर्ति को प्राथमिकता दी है . कई इलाकों में देर रात तक टैंकरों से पानी पहुंचाने का कार्य जारी रखा जा रहा है, ताकि लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े . नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 33 की आम वाली कॉलोनी, मिर्जापुर, उदय नगर कॉलोनी और सांवलिया सेठ क्षेत्र में नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है . इसके अलावा वार्ड क्रमांक 37 के पुरनपुरा इलाके में भी प्रतिदिन पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं .

## जल संकट से निपटने की तैयारी तेज

नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में पेयजल संकट से निपटने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं . जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिरिक्त संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है और टैंकरों की संख्या भी बढ़ाई गई है . अधिकारियों का कहना है कि शहर के किसी भी क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है .

# फ्रीजर न मिलने पर बर्फ की सिल्लियों पर रखी गई शव देह



**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, विकास और आधुनिक सुविधाओं के दावों के बीच कुरवाई से एक बेहद संवेदनशील और झकझोर देने वाली तस्वीर सामने आई है . यहां एक गरीब परिवार को अपने परिजन के निधन के बाद शव को सुरक्षित रखने के लिए पूरी रात बर्फ की सिल्लियों का सहारा लेना पड़ा . घटना ने स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.**

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 बस स्टैंड निवासी सुरेश कुर्मी पटेल, पिता विश्वनाथ पटेल, उम्र लगभग 50 वर्ष का 15 मई की रात जिला अस्पताल में निधन हो गया था . अगले दिन परिजन आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद रात करीब 10 बजे शव लेकर कुरवाई पहुंचे . अंतिम संस्कार अगले दिन होना था, इसलिए परिवार ने शव को सुरक्षित रखने के लिए में फ्रीजर बॉक्स की तलाश की, लेकिन उन्हें कहीं भी व्यवस्था नहीं मिल सकी . मजबूरी में परिजनों को शव को घर के बाहर टीन शेड के नीचे रखना पड़ा. पूरी रात बाजार से खरीदी गई बर्फ की सिल्लियों के सहारे शव को सुरक्षित रखने का प्रयास करना पड़ा.

## स्वास्थ्य अधिकारी ने मानी कमी

इस संबंध में विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रमोद दिवान ने बताया कि वर्तमान में कुरवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शवों को सुरक्षित रखने के लिए फ्रीजर उपलब्ध नहीं है . उन्होंने कहा कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल के लिए जल्द फ्रीजर की व्यवस्था करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में नागरिकों को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े .घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देते हुए अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी परिवार को ऐसी पीड़ादायक स्थिति का सामना न करना पड़े .

## अपना घर आश्रम में मंडलाध्यक्ष का स्वागत

**नवभारत न्यूज**

विदिशा, आज अपना घर आश्रम में अंतरराष्ट्रीय संस्था रोटरी इंटरनेशनल के मंडल 3040 के मंडलाध्यक्ष सुशील मनहोत्रा पहुंचे . इस दौरान रोटरी क्लब विदिशा के सेवाभावी सदस्य भी उपस्थित रहे. मंडलाध्यक्ष की उपस्थिति में रोटरी क्लब विदिशा द्वारा प्रभुजनों की सेवा हेतु 20 किलो चावल समर्पित किए गए . वहीं रोटे सुजीद देवलिया द्वारा 150 किलो गेहूं सेवा कार्य के लिए भेंट किया गया.

## बिजली समस्याओं का आज होगा निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**सांची,** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सोमवार को ढंकना-चपना पंचायत भवन में बिजली संपर्क अभियान कैंप आयोजित किया जाएगा . कैंप में उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा .जेई मनीष कुमारा श्रीवास्तव ने बताया कि उपभोक्ता अपने साथ समग्र आईडी, घर का एक फोटो एवं मोबाइल नंबर अवश्य लेकर आएं, ताकि ई-केवाईसी एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं आसानी से पूर्ण की जा सकें.

## कलश यात्रा निकालकर किया कथा का शुभारंभ

**सिरोंज,** पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर श्री गोपाल गौशाला कुरवाई रोड मेहलुआ चौराहा पर गौ महिमा एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन कथा वाचक पं. भगवान प्रसाद शास्त्री के मुखारविंद से 17 मई से 24 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार कथा के शुभारंभ पर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई. जो श्री राम जानकी मंदिर मेहलुआ चौराहा से श्री गोपाल गौशाला रवाना हुई.

## किसान भुगतान की लाइन में, इधर कृषि विभाग निकाल रहा कृषि रथयात्रा



**नवभारत न्यूज**

**सांची, एक ओर भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर किसान अपनी फसल तुलाई और भुगतान की समस्याओं से जूझ रहा है . अधिकांश किसान मंडियों में तुलाई के बाद भुगतान प्राप्त करने के लिए बैंकों की लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं . ऐसे समय में कृषि विभाग द्वारा कृषि रथयात्रा निकाले जाने से सवाल खड़े होने लगे हैं.**

जानकारी के अनुसार किसान अभी अपनी उपज की तुलाई और भुगतान प्रक्रिया से पूरी तरह निपट भी नहीं पाया है . तेज गर्मी के बीच किसान बैंक और मंडियों के चक्कर लगाने को मजबूर है . इसी दौरान कृषि विभाग द्वारा दीवागंज से कृषि रथयात्रा का शुभारंभ किया गया, जो गांव-गांव पहुंचकर किसानों को कृषि आईडी, भूमि की उपजाऊ क्षमता, उर्वरक शक्ति, बीज एवं अन्य कृषि संबंधी जानकारियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है .

हालांकि इस रथयात्रा को लेकर लोगों के बीच सवाल उठ रहे हैं कि जब किसान अपनी मूल समस्याओं से जूझ रहा है, तब विभाग द्वारा डीजल खर्च कर रथयात्रा निकालना कितना उचित है . हाल ही में अंतरराष्ट्रीय तेल संकट को लेकर प्रधानमंत्री ने देशवासियों से तेल बचत की अपील की थी और वाहनों का कम से कम उपयोग करने तथा वर्चुअल व्यवस्था अपनाने पर जोर दिया था . इसके बावजूद कृषि विभाग द्वारा रथयात्रा संचालित किए जाने को लेकर लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है.

### क्या बोले कृषि विभाग के अधिकारी

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सांची सीएल अहिरवार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रथयात्रा आयोजित की जा रही है . इसका उद्देश्य किसानों को कृषि आईडी, भूमि की उर्वरक क्षमता, बीज संबंधी जानकारी एवं आगामी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना है .भीषण गर्मी और भुगतान संकट के बीच किसान जब दोहरी मार झेल रहा हो, तब योजनाओं की जमीनी प्राथमिकता पर सवाल उठना स्वाभाविक माना जा रहा है .

## दुष्कर्म का आरोपी दो घंटे में किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** थाना मुगलसराय में एक फरियादिया द्वारा रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि एक युवक द्वारा उसके साथ जबरदस्ती गलत कार्य दुष्कर्म किया गया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की गई. पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना मुगलसराय में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. प्रकरण में थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश की गई.

## बजरंग प्रशिक्षण शिविर के लिए कार्यकर्ता रवाना



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** ग्वालियर में आयोजित होने जा रहे बजरंग प्रशिक्षण शिविर के लिए कार्यकर्ताओं को रवाना किया गया. यह शिविर 16 मई से प्रारंभ हो रहा है. इस मौके पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं को तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मान पूर्वक रवाना किया गया. वही इसके पूर्व भोजशाला मामले में हाई कोर्ट के फैसले पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए एक-दूसरे को बधाई दी. इस अवसर पर विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना, जिला संयोजक जगदीश शाक्य, अनिल राठौड़, अविनाश अग्रवाल, रमेश जैन तथा देवपुर प्रखंड मंत्री सहित कई विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## विधायक उमाकांत ने लटेरी में विकास कार्यों का किया भूमि पूजन एवं लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**

**लटेरी, नगर लटेरी के वार्ड क्रमांक 4 स्थित शिव मंदिर परिसर के पास विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कार्यक्रम में सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के विधायक उमाकात शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए .विधायक ने लगभग 2 करोड़ 94 लाख 39 हजार रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया . इनमें हनुमान मंदिर परिसर में रंगमंच, सामुदायिक भवन, सीसी रोड सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं .**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि नगर लटेरी के विकास का सपना पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा ने देखा था और आज वह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है . उन्होंने कहा कि स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के कार्यकाल में भी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई विकास कार्य हुए थे, लेकिन जो कार्य अधूरे रह गए थे, उन्हें अब पूरा किया जा रहा है. विधायक ने कहा कि केंद्र में मध्यप्रदेश में की सरकार के दौरान लटेरी नगर में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं . उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस शासनकाल में इतना विकास नहीं हुआ .उन्होंने कहा कि भाजपा परिषद बनने के बाद नगर में जलावर्धन योजना के तहत संजय सागर बांध से पानी लाकर नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराया गया . साथ ही नगर की सड़कों और अन्य मूलभूत सुविधाओं में भी सुधार हुआ है .

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सूरज प्रसाद श्रीवास्तव भैरो सिंह जादौन लक्ष्मण सिंह बघेल भगत सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजोरिया महामंत्री जितेंद्र रघुवंशी महेंद्र सिंह राजपूत राजकुंवर बघेल विधायक प्रतिनिधि अत्तु भंडारी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शैलेष भंडारी नगर परिषद के पार्षद गण एवं नागरिक उपस्थित रहे.

## पद लेकर जो कार्यकर्ता संगठन को समय नहीं दे सकते, वे पद छोड़ दें

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, विदिशा विधानसभा स्तरीय कांग्रेस संगठनात्मक बैठक का आयोजन परिणय गार्डन में किया गया . बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने एवं आगामी चुनावों की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई .**

जिला कांग्रेस प्रभारी राजेश रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संवाद करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया . उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों को देखते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर मैदान में उतरना होगा.उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई बड़े नेता एवं उनके समर्थक भाजपा में शामिल हो गए, कांग्रेस का जमीनी कार्यकर्ता मजबूती से मैदान में डटा हुआ है.



### पद लेकर घर बैठना अब नहीं चलेगा

राजेश रघुवंशी ने कहा कि पार्टी संगठन और नेताओं पर उंगली उठाना आसान है, लेकिन प्रत्येक कार्यकर्ता को स्वयं का भी मूल्यांकन करना होगा . यदि आप काम करेंगे तो संगठन में आपको जिम्मेदारी मिलेगी, लेकिन पद लेने के बाद घर बैठ जाना अब नहीं चलेगा . जो कार्यकर्ता संगठन को समय नहीं दे सकते, वे पद छोड़ दें .इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने विधानसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉक अध्यक्षों से संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की .

## सीबीएसई बोर्ड 12वीं परीक्षा में 94 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वंशिका ने बढ़ाया नगर का मान

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, नगर के समाजसेवी इंजीनियर रजनीश साहु की सुपुत्री वंशिका साहु ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं परीक्षा में कॉमर्स विषय से 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर, समाज एवं परिवार को गौरवान्वित किया है.**

वंशिका ने डीएबी स्कुल बिना रिफाईनरी में नियमित अध्ययन करते हुए अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है . उनकी सफलता पर परिजनों, समाजजनों एवं नगरवासियों ने प्रत्यक्ष एवं सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है .मीडिया से चर्चा करते हुए वंशिका ने बताया कि वह अपने माता-पिता, परिवार एवं अपनी बड़ी बहनों से काफी प्रभावित हैं और उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ना चाहती हैं वंशिका की बड़ी बहन डॉ रिशिका साहु असम के गुवाहाटी स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज में साइकोलॉजी विभाग में पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रही हैं .

## पेपर लीक मामले में कांग्रेसियों ने फूंका केंद्रीय मंत्री का पुतला

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई एवं कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय मंत्री का पुतला दहन किया . प्रदर्शन जीतु पटवारी के आह्वान पर आयोजित किया गया .**



प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अपूर्व जैन ने कहा कि देश की प्रतिष्ठित नीट परीक्षा में पेपर लीक होना अत्यंत गंभीर मामला है . उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य और अभिभावकों की मेहनत पर पानी फेर दिया है .उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने मेहनत कर अपने भविष्य के सपने संजोए थे, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाओं से उनका विश्वास टूट रहा है .अपूर्व जैन ने आरोप लगाया कि भाजपा शासनकाल में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, प्रदर्शन में बीडी शर्मा, अमित मेहता, मणि भाई अहिरवार, रवि यादव, विष्णु प्रसाद शर्मा, सौरभ दुबे, पलाश जैन आदि मौजूद थे.

## बस स्टैंड की यातायात व्यवस्था गड़बड़ाई

**जल संकट और गंदगी से नागरिक परेशान**

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है . मुख्य मार्ग पर फल एवं सब्जी विक्रेताओं के हाथ ठेले अव्यवस्थित ढंग से लगने के कारण यात्री वाहनों और भारी वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है . यात्रियों को बसों में चढ़ने-उतरने और खड़े होने तक में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.**

बस स्टैंड स्थित एकमात्र यात्री प्रतीक्षालय में लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने से गंदगी पसरी हुई है . वहीं यात्रियों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था भी नहीं है . नगर परिषद द्वारा अभी तक कोई सार्वजनिक प्याऊ शुरू नहीं किए जाने से गर्मी में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है . नागरिकों ने मांग की है कि मार्केटिंग सोसायटी की दुकानों के सामने पेड़ों के नीचे मटके रखवाकर एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि यात्रियों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके . साथ ही पुलिस सहयोग से बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने और हाथ ठेलों को व्यवस्थित कराने की मांग भी की गई है . गलत स्थानों पर ठेले लगाने वालों पर चालानी कार्रवाई की मांग उठाई गई है .

### साफ-सफाई व्यवस्था भी प्रभावित

बस स्टैंड क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है . कचरा गाड़ी नियमित नहीं पहुंचने से दुकानों के सामने कचरा जमा हो रहा है . मार्केटिंग सोसायटी की दुकानों के सामने लगी टाइल्स भी जगह-जगह से टूटकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं . इधर नगर में जल संकट भी गहराता जा रहा है . बेतवा नदी किनारे बसे कुरवाई नगर में जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित होने से कई मोहल्लों में पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है . वार्ड क्रमांक 12 ढीमर मोहल्ले में पाइपलाइन का वाल्व खराब होने से नाली का गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल रहा है, जिससे बदबूदार पानी आने की शिकायतें सामने आ रही हैं . नगर परिषद की कचरा गाड़ियां भी समय पर नहीं पहुंच रही हैं . कई गाड़ियां खराब होने और कम संख्या में चलने के कारण एक ही वाहन से कई मोहल्लों का कचरा उठाया जा रहा है . दोपहर 12 से 2 बजे के बीच कचरा गाड़ी पहुंचने से अधिकांश लोग अपने काम पर जा चुके होते हैं, जिससे वे कचरा नहीं डाल पा रहे हैं .


**अनदेखी** | **प्रशासनिक कार्रवाई की मांग तेज, पिछले कई सालों से खोदी जा रही मिट्टी**

# बेतवा नदी किनारे मिट्टी उत्खनन और ईंट भट्टों पर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, शासकीय भूमि एवं बेतवा नदी किनारे अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन और ईंट भट्टों के संचालन को लेकर क्षेत्र में गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं . स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक निर्देशों के बावजूद नदी किनारे बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई जारी है, जिससे बेतवा नदी का स्वरूप लगातार बिगड़ता जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार कलेक्टर द्वारा एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि शासकीय भूमि एवं नदी किनारे ईंट भट्टे संचालित न हों तथा अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए .



इसके बावजूद ईंट निर्माण कारोबार से जुड़े लोगों ने नए तरीके अपनाकर मिट्टी उत्खनन का काम जारी रखा हुआ है .स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर के चारों ओर बड़ी संख्या में ईंट भट्टे संचालित हो रहे हैं और कॉलोनाइजरों एवं मकान निर्माण कार्यों में इन ईंटों की भारी मांग बनी हुई है . इससे यह कारोबार एक बड़े उद्योग का रूप ले चुका है . आरोप है कि बेतवा नदी किनारे से लगातार मिट्टी निकाले जाने के कारण नदी के प्राकृतिक किनारे खत्म होते जा रहे हैं.इस संबंध में तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि प्रशासन द्वारा मामले की तहकीकात की जा रही है . बेतवा नदी किनारे मिट्टी और रेत का अवैध कारोबार करने वालों को सूचीबद्ध किया जा रहा है तथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी .

### नदी किनारों से गायब हो रहे पेड़-पौधे

लोगों का कहना है कि पहले बेतवा नदी किनारे हरियाली और बड़े पेड़ दिखाई देते थे, लेकिन अब मिट्टी कटाव और अवैध खुदाई के कारण हरियाली समाप्त होती जा रही है . नदी किनारों पर रास्ते बनाकर ट्रैक्टर-ट्रालियों से दिन-रात मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है .पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई जा रही है . नागरिकों का कहना है कि खेतों की मिट्टी, खाद एवं कीटनाशक बारिश के दौरान बहकर नदी में पहुंचते हैं, जिससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है और जलीय जीवों पर भी खतरा मंडरा रहा है .